हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 04 देहरादून, बुधवार, 19 जून, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



सड़क पर सरकार, मुख्यमंत्री ने बनाई चाय

3

# अवैध खनन पर सख्त निगरानी करेगा धामी सरकार का ये मास्टर प्लान

## खनन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी हेतु एएनपीआर कैमरा, बुलेट कैमरा, आरएफआईडी राडार

- 40 चेक गेट लोकेशन पर एमडीटीएसएस
- एलईडी फलड लाइट जैसी अत्याधुनिक तकनीकी का प्रयोग होगा
- देहरादून में माइनिंग स्टेट कन्ट्रोल सेन्टर (एमएससीसी)





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 19 जून , सीएस राधा रतूड़ी ने खनन क्षेत्रों में कार्य करने वाले श्रमिकों के कल्याण एवं विकास तथा उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य में अवैध खनन पर सख्त निगरानी तथा वैध खनन से राजस्व बढ़ाने के लिए एमडीटीएसएस (माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एण्ड सर्विलेन्स सिस्टम ) को देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल व उधमसिंह नगर के 40 चेक गेट पर लगाने के लगभग 93 करोड़ रूपये के प्रस्ताव को सचिवालय में खनन विभाग की आज की व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में सहमति दी है।

एमडीटीएसएस को देहरादून के 8 चेक गेट, हरिद्वार के 13 चेक गेट, नैनीताल के 10 चेक गेट तथा उधमसिंह नगर के 9 चेक गेट सहित कुल 40 चेक गेट लोकेशन पर लगाया जाएगा। एमडीटीएसएस के तहत खनन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी हेतु एएनपीआर कैमरा, बुलेट कैमरा, आरएफआईडी राडार, एलईडी फलड लाइट जैसी अत्याधुनिक तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा। देहरादून में माइनिंग स्टेट कन्ट्रोल सेन्टर (एमएससीसी) स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल तथा उधमसिंह नगर के जिला मुख्यालयों में मिनी कमाण्ड सेन्टर स्थापित किए जाएंगे।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि एमडीटीएसएस के माध्यम से खनिजों ( Mineral ) के गैर कानूनी तथा अनाधिकृत परिवहन, खनिजों के अत्यधिक खनन या निष्कासन, खनिजों को ले जाने वाले वाहनों की ऑवरलॉडिंग, ट्रांजिट पास में दी गई डिलिवरी लोकेशन के विपरीत डिलीवरी, अवैध खनन व अन्य कारणों से राजस्व हानि आदि पर निरन्तर निगरानी सुनिश्चित होगी। मुख्य सचिव ने इस सम्बन्ध में खनन से जुड़े सभी हितधारकों से प्रभावी समन्वय कर उनका सहयोग लेने तथा जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही सीएस राधा रतूड़ी ने खनन क्षेत्रों में कार्य करने वाले श्रमिकों के कल्याण एवं विकास तथा उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होने राज्य में ईंट के भट्ठों में कार्य करने वाले मजदूरों के विकास एवं कल्याण हेतु भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खनन क्षेत्रों एवं ईट के भट्ठों में कार्य करने वाले मजदूरों के लिए मेडिकल एवं बीमा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव बृजेश कुमार सन्त, अपर सचिव डा0 अहमद इकबाल सहित खनन एवं वित्त विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# मंगलौर और बद्रीनाथ के उपचुनाव में कौन जीतेगा बाज़ी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क









ब्यूरो , जून , प्रदेश में एक बार फिर राजनीतिक पारा चढ़ने लगा है, भाजपा और कांग्रेस एक बार फिर आमने सामने हैं, और इस बार मुकाबला होगा बद्रीनाथ और मंगलौर की विधान सभा सीटों के उपचुनाव को जीतने का । राज्य की दोनों प्रमुख पार्टियों भाजपा और कांग्रेस ने अपने उमीदवारों का एलान कर दिया है। वहीं भाजपा उपचुनाव में प्रत्याशी घोषित करने के मामले में ही नहीं बल्कि प्रबंधन और प्रचार के लिए टीम घोषित करने में भी, कांग्रेस से एक कदम आगे चल रही है।

कांग्रेस ने चमोली जिले की बदरीनाथ व हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। बद्रीनाथ सीट से लखपत बुटोला व मंगलौर से काजी निजामुद्दीन को प्रत्याशी बनाया है तो वहीं भाजपा ने बदरीनाथ सीट पर विधायकी से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने वाले राजेंद्र भंडारी को प्रत्याशी बनाया है तो करतार सिंह भड़ाना मंगलौर विस सीट से उपचुनाव लड़ेंगे।

बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी 20 जून को नामांकन करेंगे। उनके चुनाव के लिए गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी को विधानसभा का पालक बनाया गया है। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के हाथों में चुनाव प्रबंधन की कमान है। उनके नामांकन में सीएम, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष समेत गढ़वाल क्षेत्र के सभी कैबिनेट मंत्री मौजूद रहेंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के मुताबिक, पार्टी प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना मंगलौर विस सीट से नामांकन भरेंगे। मुख्यमंत्री पहले उनके कार्यक्रम में शामिल होंगे। सोमवार को पार्टी प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट मंगलौर पहुंचे थे, जहां उन्होंने नामांकन वाले दिन होने वाली जनसभा और रोड-शो की रणनीति पर मंथन किया गया।

## मुख्य सचिव ने विधानसभा गैरसैंण, भराड़ीसैंण में अवंसरचना निर्माण कार्यों की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूडी ने विधानसभा गैरसैंण, भराड़ीसैंण में अवंसरचना निर्माण कार्यों की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा के दौरान विधानसभा गैरसैंण की 986.50 लाख लागत धनराशि के बाउण्ड्री वॉल, मेन गेट तथा म्यूरल कार्यों के प्रोजेक्ट को तत्परता से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में वर्चुअल माध्यम से सिंचाई विभाग, आवास विभाग तथा अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# उपचुनाव में अहम भूमिका निभाएंगे फ्रंटल संगठन : करन माहरा

## बूथ स्तर पर व्यक्तिगत सम्पर्क करें कार्यकर्ता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने फ्रंटल संगठनों से बदरीनाथ एवं मंगलौर विधानसभा उपचुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने का कहा है। मंगलवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पार्टी के अनुषांगिक संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठ अध्यक्षों के साथ हुई बैठक उपचुनाव की रणनीति तय की गई।

बैठक में करन माहरा ने कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद विधानसभा उपचुनाव पार्टी के लिए एक चुनौती है। लोकसभा चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं ने एकजुटता के साथ लड़ा जिस कारण पार्टी का वोट प्रतिशत काफी बढ़ा है। अब इसी ताकत के साथ बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा का चुनाव भी लड़ना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर व्यक्तिगत सम्पर्क करने को कहा। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रोतेला ने कहा कि लोकसभा चुनावों में महिलाओं की अपेक्षा पुरूषों का मतदान कांग्रेस के पक्ष में रहा है। हमें महिलाओं पर अधिक फोकस करना होगा। युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि उपचुनाव में युवाओं की अलग-अलग टीम बनाई जाएगी, जो नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से बूथ स्तर तक युवाओं से संबंधित बेरोजगारी, अग्निवीर योजना, भर्ती घोटाले जैसे मुद्दे उठाएगी।

सोशल मीडिया उपाध्यक्ष विशाल मौर्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बैठक में इंटक अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट, महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुम्मितर भुल्लर, एनएसयूआई अध्यक्ष विकास नेगी, सोशल मीडिया अध्यक्ष विकास नेगी, उपाध्यक्ष विशाल मौर्य, अमरजीत सिंह, किसान कांग्रेस अध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी, बुद्धिजीवी अध्यक्ष डॉ प्रदीप जोशी, अनुसूचित जाति अध्यक्ष दर्शन लाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# Google को Google क्यों कहते हैं ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 जून , Google का Google नाम कैसे पड़ा, क्या कभी आपने ये जानने की कोशिश की है? अगर नहीं, तो यहां हम आपको इसके पीछे की दिलचस्प कहानी बता रहे हैं जिसे सुनकर आपको हंसी जरूर आएगी. दरअसल, यह नाम किसी लॉजिक से नहीं बल्कि गलती से पड़ा था. चलिए जानते हैं इसके नामकरण का किस्सा.क्या आपने कभी ये सोचने की कोशिश की है कि आप Google को Google क्यों कहते हैं? अगर नहीं पता है तो हम आपको आज इस बारे में बताते हैं. हालांकि, इसके पीछे कोई बहुत बड़ा लॉजिक नहीं है बल्कि एक गलती है. जी हां, Google का नाम गलती से रखा गया था. इसे सर्च इंजन को अपना नाम तब मिला जब इसके को-फाउंडर लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने अपने दोस्त सीन एंडरसन से एक नाम खोजने के लिए कहा और उन्होंने गलती से Googol के बजाय Google टाइप कर दिया.

1997 में, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के दो छात्र, लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन एक सर्च इंजन पर काम कर रहे थे. दोनों ने सर्च इंजन को वेब के बैकलिंक्स को एनलाइज करने के लिए डिजाइन किया गया था जिससे वेब पेजेज का महत्व पता चल पाए. सबसे पहले इसका नाम Backrub रखा गया था. हालांकि, BackRub बहुत ज्यादा





बैंडविड्थ ले रहा था, इसलिए फाउंडर्स ने दोबारा नाम पर विचार करना शुरू किया.

कैसे पड़ा Google नाम

स्टैनफोर्ड के एक और छात्र सीन एंडरसन ने googolplex शब्द का इस्तेमाल किया.फिर इसे छोटा करने के लिए लैरी ने Googol नाम रखने को कहा. जब एंडरसन ने चेक किया कि Googol.com उपलब्ध है या नहीं तो उन्होंने Google.com टाइप कर दिया. इस नाम को काफी सराहा गया. इस तरह, 15 सितंबर, 1997 को, Google नाम आधिकारिक रूप से रजिस्टर किया गया. दिलचस्प बात यह है कि Google को Google नाम देने की इस दिलचस्प कहानी ने ने ही कंपनी Alphabet की नींव रखी. अल्फाबेट भाषा का प्रतिनिधित्व करने वाले अक्षरों को इकट्ठा करने का प्रतीक है. देखा जाए तो Google नाम इंटरनेट का ही दूसरा नाम बन चुका है जो सर्च इंजन की पहचान है.

# अनजाने में भी मत कीजिए सैड फिशिंग !






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 जून , आजकल सोशल मीडिया खोलें तो कहीं ना कहीं 'सैडफिशिंग' का सामना जरूर हो जाता है. ये वो लोग हैं जो ज्यादा भावुक करने वाली बातें शेयर करने में आगे रहते हैं. मसलन, इंस्टाग्राम स्टोरी पर आत्मसम्मान से जुड़े उलझे हुए विचार साझा करना या फिर किसी अदृश्य व्यक्ति के बारे में 'कर्म' का अप्रत्यक्ष संकेत देना. शोधकर्ताओं ने इस तरह के ध्यान खींचने वाले व्यवहार को 'सैडफिशिंग' का नाम दिया है, जहां लोग ऑनलाइन सहानुभूति और प्रतिक्रियाओं के 'माछी' की तरह शिकार करते हैं.

सैडफिशिंग का मनोविज्ञान

'सैड फिशिंग' शब्द 2019 में पत्रकार रेबेका री द्वारा गढ़ा गया था.'सैड फिशिंग' शब्द, जिसे मूल रूप से सोशल मीडिया पर दिखावटी दुख का वर्णन करने के लिए गढ़ा गया था, अब असली भावनाओं को व्यक्त करने से लोगों को रोक सकता है. बहुत से लोग कभी-कभी सहानुभूति चाहते हैं, और इसमें कोई बुराई नहीं है. ध्यान आकर्षित करना एक स्वाभाविक इच्छा है.''यह सोशल मीडिया यूजर्स की सहानुभूति पाने के लिए अपनी भावनाओं को बढ़ा चढ़ा कर बताने की होती है.' पेट्रोफेस के अनुसार जिन लोगों में मनोविज्ञान की भाषा में 'चिंतित आसक्ति स्टाइल (anxious attachment style)' होती है, उनमें 'सैड फिशिंग' की संभावना अधिक होती है. इस स्टाइल वाले लोग अकेले रहने के डर से ग्रस्त होते हैं, उन्हें लगातार आश्वासन की जरूरत होती है और दूसरों पर निर्भर रहने की नेचर रखते हैं.

सैडफिशिंग बनाम असली दुख

हालांकि, साइकेट्रिस्ट टेस ब्रिघम का मानना है कि 'सैड फिशिंग' की व्याख्या को और सूक्ष्म बनाना जरूरी है. उनका कहना है कि दूसरों से मान्यता पाना मानवीय स्वभाव है और यह जरूरी नहीं है कि यह हमेशा चिंतित आसक्ति स्टाइल का ही संकेत हो.उन्होंने कहा,'पहले लोग चर्च पिकनिक या किसी पार्टी में अपने बुरे दिन के बारे में बताकर सहानुभूति बटोरते थे, और सभी उन्हें घेर लेते थे, लेकिन अब हमारा दौर बदल चुका है, और यही तरीका है जिससे लोग आजकल ध्यान आकर्षित करते हैं.'


यह बताना जरूरी है कि 'सैड फिशिंग' और ऑनलाइन ईमानदारी से दुख साझा करने में अंतर होता है. उदाहरण के लिए, 'सैड फिशिंग' में कोई अपने हाल ही में हुए ब्रेकअप की ओर इशारा करते हुए किसी खास कोटेशन को पोस्ट कर सकता है. वहीं, दूसरी तरफ कोई व्यक्ति अगर डिप्रेशन से जूझने के बारे में लिखता है तो वह वास्तव में मदद मांग रहा होगा या उन लोगों से जुड़ने की कोशिश कर रहा होगा जो खुद भी ऐसा ही महसूस कर रहे हैं.

सैड फिशिंग से हो सकते हैं कई नुकसान

जब लोगों पर ऑनलाइन दुख का नाटक करने का आरोप लगता है, तो असल में जरूरतमंद लोगों के लिए खुलकर अपनी भावनाएं व्यक्त करना मुश्किल हो जाता है. उनमें आत्मसम्मान कम होने, घबराहट और शर्म की भावना पैदा हो सकती है. उन्हें उनके परिवार और दोस्त ध्यान ना देने वाले लोग समझ सकते हैं, जिससे उन्हें असल में जरूरी मदद और समर्थन मिलने की संभावना कम हो जाती है. इसलिए, जरूरी है कि हम ऑनलाइन साझा की जाने वाली भावनाओं को संदर्भ के साथ समझें. किसी को दुखी या परेशान देखकर तुरंत 'सैड फिशिंग' का आरोप लगाने के बजाय, उनकी बात सुनने और सहानुभूति दिखाने की कोशिश करनी चाहिए. साथ ही, यह भी ध्यान रखना चाहिए कि कहीं हमारी उदासीनता ही किसी को 'सैडफिशिंग' का सहारा ना लेने पर मजबूर कर दे.

# अकबर इलाहाबादी की दीवानी तवायफ का किस्सा






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 जून , अकबर इलाहाबादी एक शानदार, तर्कशील, मिलनसार आदमी थे. उनकी कविता हास्य की एक उल्लेखनीय भावना के साथ कविता की पहचान थी. वो चाहे गजल हो नजम हो या फिर रुबाई या कित हो वो सबसे हटके अपना अलग अन्दाज़ पेश करते थे जिससे सुनकर बड़े बड़े राजा महाराजा कायल हो जाते थे. आज हम आपको अकबर इलाहाबादी के बारे में दिलचस्प बात बताने जा रहे हैं जो एक तवायफ से जुड़ी हुई है तो चलिए जानते हैं.अकबर इलाहाबादी एक ऐसे कवि थे जो बातों-बातों के बीच ऐसा शेर पेश कर देते थे कि सुनने वाले सोच में पड़ जाते थे. अकबर इलाहाबादी हिन्दुस्तानी ज़बान और हिन्दुस्तानी तहज़ीब के बड़े मजबूत और दिलेर शायर थे. उनकी जबान और कलम से जब भी कोई शेर निकलती थी मशहूर हो जाती थी.

जब अकबर इलाहाबादी के घर पहुंची एक तवायफ

ये किस्सा उस समय का जब कोलकाता की मशहूर तवायफ गौहर जान की खूबसूरती और कला की खूब चर्चा होती थी. एक बार अचानक गौहर जान को अकबर इलाहाबादी से मिलने का मन हुऐ. जब गौहर उनके घर मिलने पहुंची तो अकबर इलाहाबाद उन्हें देखकर एक शेर पेश किया. इस शेर को सुनने के बाद गौहर जान का चेहरा शर्म से लाल हो गया.

कौन थी गौहर जान

गौहर जान कोलकाता की मशहूर तवायफ थी जो बाद में एक डांसर और गायिका के तौर पर देशभर में मशहूर हुई. एक बार गौहर जान एक बार इलाहाबाद गई थी उस दौरान वह तवायफ जानकी बाई के घर रुकी थी. गौहर कोलकाता वापस लौटने से पहले अकबर इलाहाबादी से मिलना चाहती थी. उन्होंने अपनी मन की बात जानकी बाई से कही. हालांकि उस दौरान अकबर इलाहाबादी शेरो शायरी नहीं करते थे वो रिटायर हो गए थे. जानकी बाई ने एक तांगा मगाया और अकबर इलाहाबादी के घर पहुंच गई. जानकी बाई ने गौहर जान की पहचान अकबर इलाहाबादी से करवाई और कहा कि आपसे मिलने की ख्वाहिश थी तो मैं गौहर खान को यहां ले आई.

तवायफ के स्वागत में पेश किए शेर

गौहर खान को देखकर अकबर इलाहाबादी मुस्कुराए और बोले- ₹मैंने ऐसा सौभाग्य पाने के लिए क्या किया, अन्यथा मैं न तो पैगम्बर हूं, न उपदेशक, न भक्त, न राजकुमार, न ही कोई संत हूं जो तीर्थयात्रा के योग्य समझा जाए₹ मैं एक न्यायाधीश हुआ करता था, लेकिन अब मैं सेवानिवृत्त हो गया हूं और केवल गरीब अकबर हूं, सोच रहा हूं कि आपकी सेवा में क्या उपहार पेश करूं. खैर, मैं यादगार के रूप में एक शेर लिखूंगा.₹ यह कहते हुए, उन्होंने कागज पर शेर लिखा और उसे गौहर जान को दे दिया.

शेर कुछ यूं था...

ख़ुश-नसीब आज भला कौन है गौहर के सिवा।
सब कुछ अल्लाह ने दे रक्खा है शौहर के सिवा।।

# सड़क पर सरकार, मुख्यमंत्री ने बनाई चाय





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नैनीताल , 19 जून , आपने मुख्यमंत्री धामी के मॉर्निंग वाक की अब तक अलग अलग दिलचस्प तस्वीरें तो खूब देखीं होंगी। लेकिन टूरिस्टों से भरे सरोवर नगरी नैनीताल में इस बार मॉर्निंग वाक और पुब्लिक टॉक के दौरान स्थानीय निवासियों एवं पर्यटकों से मिलकर सीएम ने खूब बातचीत की। इस दौरान प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों का फीडबैक भी लिया। खेल के मैदान में युवा खिलाडियों से प्रोग्रेस पूछी तो वहीँ फुटबॉल पर भी हुनर आजमाते दिखे सीएम ने कहा कि जनता के चेहरों पर दिखा संतुष्टि का भाव प्रदेश के विकास हेतु समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। इस दौरान सीएम ने बीडी पाण्डे चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की स्वच्छता एवं मरीजों के उपचार आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सड़क किनारे एक चाय की दूकान पर पहुंचे सीएम ने चायवाले से हाल खबर ली उसके बादक खुद ही चाय बनाने लगे और आसपास के लोग वाहन रुककर सीएम के इस अंदाज़ को देख मुस्कुराते नज़र आये। वहीँ उसके बाद ग्राउंड में अभ्यास कर रहे होनहार खिलाड़ियों के साथ विभिन्न खेलों का आनंद लिया और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



# लोनिवि द्वारा दून में स्मार्ट सिटी के 38.79 करोड़ के कार्य पूरे : सतपाल महाराज

## समीक्षा बैठक में महाराज के अधिकारियों को निर्देश




- रोड़ सेफ्टी-डैम सेफ्टी को लेकर लोनिवि, सिंचाई विभाग संयुक्त रुप से करें सेमिनार
- मानसून से पूर्व सड़कों की नालियों व कलमटों की उचित सफाई सुनिश्चित करें: महाराज



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 19 जून , रोड़ सेफ्टी एवं डैम सेफ्टी को लेकर लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग संयुक्त रुप से सेमिनार का आयोजन करवायें। मानसून सीज़न में भारी वर्षा की संभावनाओं को देखते हुए जल भराव वाले स्थानों का औचक निरीक्षण करें। भूस्खलन के दौरान सड़कों से मलवा हटाने और जेसीबी की व्यापक उपलब्धता के साथ-साथ पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित सड़कों के कलमटों एवं नालियों की सफाई समय से की जाए।

उक्त बात प्रदेश के लोकनिर्माण, पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने आगामी मानसून सीज़न को देखते हुए विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की मॉनसून सीजन के दौरान अधिकारी फोन पर अपनी उपलब्धता सुनिश्चित करें और जनता को होने वाली सभी समस्याओं का समय से निराकरण करें।

लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि मानसून सीजन हेतु मशीनों और नोडल अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है स्मार्ट सिटी के कार्यों के तहत देहरादून के आरा घर चौक मार्ग पर 34.80 करोड़, घंटाघर दिल्ली राम चौक मार्ग पर 36.15 करोड़ और कृष्ण नगर घंटाघर चौक मार्ग पर 38.79 करोड़ के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदेश में 28 सीटों का नवनिर्माण किया गया है जब 211 करोड़ सड़कों के नवीनीकरण का कार्य किया जा चुका है।

महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा के अंतर्गत 759.19 करोड़ के 273 कार्य स्वीकृत किए गए थे जिनमें से 72 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं और 104 कार्य प्रगति पर हैं। जबकि 61 कार्य में निकिता प्रक्रिया गतिमान है। उत्तर योजना के तहत अभी तक 297.90 करोड़ की धनराशि व्यय की जा चुकी है। नो ने बताया कि केंद्रीय सरकार स्थापना निधि अंतर्गत 13 मार्गो के सुधारीकरण 259.01 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त कर समस्त मार्गो में कार्य किये जा रहे हैं।

समीक्षा बैठक के दौरान महाराज ने बताया कि पीएमजीएसवाई एकमुश्त रखरखाव के अंतर्गत पीएमजीएसवाई से लोक निर्माण विभाग को हस्तानांतरित 276 मार्ग जिनकी लागत करोड़ है के सापेक्ष 136 मार्गो में कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जबकि 121 मार्गो में कार्य प्रगति पर है और 19 मार्गो में निविदा प्रक्रिया गतिमान है। उक्त योजना के तहत अभी तक 178.67 करोड़ का व्यय किया जा चुका है।समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज पांडे, प्रमुख अभियंता दीपक यादव सहित अनेक विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## 19 को राज्यपाल आएंगे स्वामी विवेकानन्द ध्यान आश्रम काकड़ीघाट

अल्मोड़ा। प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत ने बताया कि प्रदेश के महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) इस जनपद के भ्रमण पर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्यपाल दिनॉक 19 जून, 2024 को प्रातः 10:30 बजे स्वामी विवेकानन्द ध्यान आश्रम काकड़ीघाट पहुंचेंगे। 10:30 बजे से 11:00 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। 11:00 बजे स्वामी विवेकानन्द ध्यान आश्रम काकड़ीघाट से प्रस्थान कर 11:45 बजे कैंची धाम पहुँचेंगे। 11:45 बजे से 12:15 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। 12:15 बजे कैंची धाम से राजभवन नैनीताल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पेयजल समस्या के समाधान को पूर्व दर्जामंत्री कर्नाटक ने दिया जिलाधिकारी को ज्ञापन

अल्मोड़ा । पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्याहीदेवी- कंकरकोटी-सर्किट हाउस, शैल-धार की तूनी, लोअर माल रोड बिनसर-कसारदेवी, डोल-लोधिया-बर्शिमी ग्रेविटी पेयजल योजनाओं को जल जीवन मिशन, जिला योजना में सम्मिलित किये जाने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा में सर्वप्रथम 1930 के दशक में ग्रेविटी पेयजल योजनाओं का निर्माण किया गया था। इन सभी स्त्रोती पेयजल योजनाओं से अल्मोड़ा नगर, खास पर्जा क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की जाती थी। जिनका संचालन एवं रख-रखाव उत्तराखण्ड जल संस्थान अल्मोड़ा के द्वारा किया जाता है। वर्तमान समय में अल्मोड़ा शहर को कोसी-मटेला पम्पिंग योजना से पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है परन्तु उक्त पम्पिंग पेयजल योजना में वर्षा ऋतु के दौरान कोसी नदी में अत्यधिक सिल्ट आने, समय-समय पर विद्युत व्यवधान होने के कारण पेयजल आपूर्ति अधिकांश समय बाधित रहती है तथा ग्रीष्म ऋतु में कोसी नदी का जल स्तर अत्यधिक कम हो जाता है जिस कारण अल्मोड़ा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल आपूर्ति प्रभावित होती है।

# उधार की किताबें पढ़ बने आईएएस की कहानी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 जून , देश का सबसे प्रतिष्ठित इम्तेहान और कामयाबी की अनसुनी दास्तान लेकर आज हम आये हैं आपके लिए ताकि आप जान सके उन ब्यूरोक्रेट्स और ऑफिसर्स को जो अपनी मेहनत और हौसले से ऊंचा मुकाम हासिल कर मिसाल बन जाते हैं। उत्तर प्रदेश के रहने के वाले कुलदीप द्विवेदी ने जब AIR 242 हासिल करके UPSC एग्जाम क्लियर किया तो वो लम्हा उनके लिए अनमोल बन गया था। बता दें, उनके पिता सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते हैं. शुरू से ही कुलदीप द्विवेदी को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा था. आइए जानते हैं कुलदीप द्विवेद की दिल छू लेने वाली सक्सेस स्टोरी के बारे में.




UPSC परीक्षा, जो अपनी कठिनाई के लिए जानी जाती है, भारत में सिविल सेवाओं में काम करने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए एक कंप्टेटिव परीक्षा है। हर साल बड़ी संख्या में छात्र UPSC की परीक्षा देते हैं. इसकी कम्पटीशन के कारण केवल कुछ ही उम्मीदवार परीक्षा क्लियर कर पाते हैं और सिविल सेवक बनने के अपने सपने को पूरा कर पाते हैं. यह एक IRS अधिकारी कुलदीप द्विवेदी की मोटिवेशनल कहानी है, जो अपने तीसरे प्रयास में परीक्षा में सफल हुए और 2015 में 242 की AIR हासिल की.

छोटी उम्र से ही आर्थिक तंगी का सामना करने के बावजूद कुलदीप द्विवेदी ने कभी किसी समस्या को अपनी सफलता के आड़े नहीं आने दिया।.वह उत्तर प्रदेश के निगोह जिले के एक छोटे से गांव शेखपुर के रहने वाले हैं. उनके पिता, सूर्यकांत द्विवेदी, लखनऊ विश्वविद्यालय में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते हैं और केवल 1100 रुपये की मामूली सैलरी पर परिवार में कमाने वाले एकमात्र व्यक्ति हैं. अपने बच्चों को शिक्षा देने के लिए, सूर्यकांत को दिन के दौरान खेतों में काम करना पड़ता था.

PCO के जरिए करते थे बात

4 भाई-बहनों में कुलदीप पढ़ाई में सबसे होशियार था. उन्होंने साल 2009 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की थी. 2011 में पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने UPSC परीक्षा की तैयारी शुरू की. इलाहाबाद में रहने के दौरान वह UPSC परीक्षा के लिए पढ़ाई कर रहे थे. उस समय उनके पास मोबाइल फोन नहीं था और उन्हें अपने परिवार के सदस्यों के साथ PCO के माध्यम से बातचीत करनी पड़ती थी.कुलदीप की ट्रेनिंग अगस्त 2016 में नागपुर में शुरू हुई. उन्हें UPSC परीक्षा के लिए कोई कोचिंग नहीं मिली. इसके बजाय उन्होंने साथी उम्मीदवारों से किताबें उधार लेकर सेल्फ स्टडी पर भरोसा किया.

# योग दिवस से लेकर हरेला तक तैयार हुआ शेड्यूल : मनवीर सिंह चौहान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 19 जून , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 जून, 2024 को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पेड़ लगाकर जिस ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान की शुरूआत की थी। इस बार उसे आगे बढ़ाते हुए पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से पन्ना प्रमुख स्तर के सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा मां को साथ खड़ा करके या मां की तस्वीर को लेकर वृक्ष लगाया जाएगा। इससे जुड़ी तस्वीर को अधिक से अधिक ट्वीट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित किया जाएगा ताकि सामाजिक और पर्यावरण का संदेश फैले।

हरेला पर्व में नागरिकों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करते हुए, सार्वजनिक संस्थानों, स्कूल कॉलेजों, शिक्षण संस्थानों एवं एनजीओ को शामिल किया जाएगा। इस जागरूकता अभियान में ₹स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए तालाब, कुंआ एवं अन्य जल बहाव, जल स्त्रोतो में प्लास्टिक रहित अभियान को 16 जुलाई तक चलाया जाएगा।

लोकसभा चुनावों की सफलता के बाद, भाजपा व्यापक जनसहभागिता के साथ विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों का आयोजन करने वाली हैं। इन कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश स्तरीय टीम की घोषणा भी की गई है।

साथ ही इनमे पार्टी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए इनको बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि चुनाव के बाद पार्टी के सांगठनिक कार्यक्रमों की शुरुआत 21 जून को योग दिवस के साथ होने जा रही है। पार्टी द्वारा प्रत्येक मंडल में कम से कम एक योग शिविर एवं सभी मोर्चों एवं प्रकोष्ठों द्वारा जिला स्तर पर एक योग शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ऐसे सभी कार्यक्रमों में पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। इन सभी कार्यक्रम के अलावा सार्वजनिक कार्यक्रम जैसे शिक्षण संस्थान, सामाजिक संस्थाओं इत्यादि द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भी पार्टी के जनप्रतिनिधियों अपनी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। योग शिविर के इन कार्यक्रमों में समाज में प्रभुत्व रखने वाले व्यक्तियों, कलाकारों, खेल जगत के व्यक्तियों तथा जनप्रतिनिधियों इत्यादि का वीडियो एवं फोटो भी अधिक से अधिक प्रचारित एवं प्रसारित कर योग के महत्व को आगे बढ़ाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### आरटीओ कार्यालय के पास जंगल में लगी आग

पौड़ी। मंडल मुख्यालय पौड़ी में जंगलों के धधकने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को ब्लाक, आरटीओ कार्यालय व ट्रेजरी कार्यालय से सटे सिविल जंगल में आग लग गई। आग लगने से यहां कर्मचारियों के साथ ही अपने काम करवाने आए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंगलवार की दोपहर को शहर के ब्लाक कार्यालय के पास जंगलों में अचानक आग लग गई। यहां पर ब्लाक कार्यालय के साथ ही ट्रेजरी व आरटीओ कार्यालय भी है। आग से उठने वाले धुएं और गर्मी के कारण इन विभागों के कर्मचारियों व लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### दो-दो योजनाओं के बाद भी एकेश्वर में पेयजल संकट

पौड़ी। एकेश्वर ब्लाक के मुख्य बाजार सहित आस पास के गावों में पानी की आपूर्ति का संकट गहराता जा रहा है। मुख्य बाजार को जलापूर्ति के लिए दो-दो योजनाएं संचालित की जा रही है। लेकिन इन दिनों दोनों पेयजल योजनाएं जलापूर्ति नहीं कर पा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश चंद जदली ने बताया कि जल निगम की पटोटी योजना का लाभ मुख्य बाजार को नहीं मिल पा रहा है। इसकी सप्लाई बाजार क्षेत्र से काटकर गावों को कर दी गई है। वहीं नौगढ़ योजना पर पानी की आपूर्ति बहुत ही कम है।

### राम मंदिर समिति ने किया छबिल वितरण कार्यक्रम

देहरादून। श्री राम मंदिर समिति दीपलोक कालोनी ने मंगलवार को चकराता रोड पर छबिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान लोगों को गर्मी से राहत के लिए ठंडा और मीठा पेयजल बांटा गया। मंदिर के पंडित पुरुषोत्तम डिमरी और समिति सदस्यों ने सुबह पूजा अर्चना के बाद वितरण शुरू किया। समिति के अध्यक्ष आरके गुप्ता ने सभी से सात जुलाई को जगन्नाथ रथ यात्रा में जुटने की अपील की।


# सेंसरी न्यूरल नर्व हियरिंग लॉस, क्या होती है ये बीमारी


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 जून , बॉलीवुड की मशहूर सिंगर अलका याग्निक एक बीमारी का शिकार हो गई हैं. उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी है. अलका ने कहा है कि उनको कान से संबंधित समस्या हो गई है. इस वजह से उनको कुछ सुनने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. फिलहाल वह इस बीमारी से रिकवर कर रही हैं. अलका ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा है कि उनको वायरल अटैक के बाद यह समस्या हुई है.

डॉक्टरों ने अलका में रेयर सेंसरी न्यूरल नर्व हियरिंग लॉस की बीमारी का पता लगाया है. आइए जानते हैं कि ये बीमारी क्या होती है. ईएनटी के डॉ. ओमवीर सिंह बताते हैं कि रेयर सेंसरी न्यूरल नर्व हियरिंग लॉस एक ऐसी समस्या है जिससे मरीज को कुछ भी सुनने में परेशानी होती है. कान के अंदर के हिस्से या कोक्लीअ में मौजूद सेल्स में किसी प्रकार की क्षति के कारण यह समस्या होती है. यह कान से संबंधित एक आम समस्या है. इसमें कान से ब्रेन तक आवाज को पहुंचाने वाले नर्व की सेल्स डैमेज हो जाती हैं. इस वजह से रेयर सेंसरी नर्व हियरिंग लॉस होता. इस परेशानी की वजह से अचानक से भी कुछ भी सुनना बंद हो जाता है.

क्यों होती है ये बीमारी





ईएनटी के डॉ. बताते हैं कि यह बीमारी जन्मजात भी हो सकती है और ओटोटॉक्सिक दवा के कारण भी यह समस्या हो जाती है. 45 वर्ष की आयु के बाद ईएनटी डॉक्टर द्वारा समय पर कान की जांच करने से जल्दी निदान करने में मदद मिलती है.इसके अलावा अगर सिर में कोई चोट लगती है तो इससे भी कान की नसों को नुकसान हो सकता है. कुछ मामलों में किसी वायरस और मेनिएर्स बीमारी के कारण भी ऐसा हो जाता है. इस बीमारी की पहचान के लिए डॉ. सुनने की क्षमता की जांच करता है. उससे पता चलता है कि मरीज को कितना सुन रहा है और आवाज पर मरीज का कैसा रिस्पांस आ रहा है.डॉ बताते हैं कि यह बीमारी खतरनाक नहीं है और आसानी से इसका इलाज किया जा सकता है. एक ऑडियोलॉजिस्ट इस बीमारी प्रकार और डिग्री का पता लगाने के लिए टेस्ट करता है. इससे पता लगाया जाता है कि सुन्ने की क्षमता कितनी कम हुई है. उसके हिसाब से आगे का ट्रीटमेंट किया जाता है.

क्या होते हैं लक्षण

बातचीत सुनने और समझने में परेशानी होना

एक कान से दूसरे की अपेक्षा बेहतर सुनाई देना

कानों में भिनभिनाहट या घंटियाँ बजने जैसी आवाजें (टिनिटस)

कैसे करें बचाव

अगर आप तेज आवाज वाले स्थान पर हैं तो कान को कवर रखें

संगीत सुनने के लिए हियरिंग एम्प्लीफायर या ईयरबड पहनते समय सावधानी बरते

अपनी सुनने की क्षमता की नियमित जांच करवाएं

कोई भी परेशानी होने पर डॉक्टर से संपर्क करें

# जिपं अध्यक्ष चौहान की अध्यक्षता में हुई जिला पंचायत की बैठक आयोजित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत बैठक में दिये गए निर्देशों एवं लिए गए निर्णयों की कार्यवाही की समीक्षा, जिला योजना वर्ष 2024-25 के लिए जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों की विकास योजना के अनुमोदन, विकासखण्डो से मनरेगा के अन्तर्गत प्राप्त प्रस्तावों के अनुमोदन पर विचार आदि बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा क्षेत्रों पानी की किल्लत, सड़क, जंगली जानवरों के आबादी क्षेत्र में घुसने एवं फसलों का नुकशान पंहुचाने, प्लांटेशन के तहत लगाये गये पौधों के रखरखाव, ग्रामीण क्षेत्रों में लगी स्ट्रीट लाईटों को ठीक करने आदि मुद्दे एवं समस्याएं उठायी।

बैठक अध्यक्ष जिला पंचायत मधु चौहान ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास योजनाओं के प्रस्ताओं को अनुमोदन हेतु लाने से पूर्व क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाया जाए तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये गए प्रस्तावों को गंभीरता से लेते हुए कार्य योजना में शामिल किये जाएं। अध्यक्ष के सम्मुख क्षेत्र पंचायत प्रमुखों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगी स्ट्रीट लाईट की खराब होने की शिकायत पर संज्ञान न लिए जाने को गंभीरता से लेते हुए सम्बन्धित कम्पनी को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश उरेडा के अधिकारियों को दिए।

क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में पानी की समस्या तथा चकराता क्षेत्र पर्यटकों की बढती आमद को दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन स्थलों में पानी व्यवस्था तथा भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए योजना बनाने के निर्देश दिए। खैरीकला जलसंस्थान की पाईपलाईन बिछी होने के उपरान्त भी पानी नही आने, धारकोट में पानी की समस्या तथा जल स्त्रोत के संवर्धन किये जाने की की समस्याओं से स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सदन में रखा। जिस पर माननीय अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावी योजना बनाने के साथ ही जल संवर्धन एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संरक्षण के लिए स्थानीय लोगों एवं जनमानस का सहयोग लिया जाए। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा क्षेत्र में जलसंस्थान द्वारा क्षेत्र में पेयजल लाईन हेतु खोदी गई सड़क को ठीक न किये जाने की शिकायत की गई जिस पर सम्बन्धित विभागों को कार्यपूर्ण होते ही सड़क समतलीकरण किये जाने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान सड़क सुधारीकरण एवं सड़क डामरीकरण, पेन्टिगं आदि मुद्दे सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों द्वार उठाये गए जिस पर लोनिवि के अधिकारियों ने वर्तमान में संचालित कार्यों को वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी गई।

वन्यजीव एवं मानव संघर्ष की बढती घटनाओं की रोकथाम में सोलर फेंसिग कार्य करवाने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए गए। मानव वन्यजीव संघर्ष कम करने तथा वन्यजीवों को आबादी क्षेत्रों से बाहर रखने जाने हेतु प्रभावी योजना बनाने तथा खेती को नुकसान पंहुचाने आदि घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी योजना बनाने के निर्देश दिए।

# जवानी में ही शरीर पर अटैक कर रहीं ये 5 बीमारियां


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 जून , एक था ऐसा समय जब जवान लोगों को बीमारियों का खतरा कम होता था. तब बुजुर्गों को ही कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर और यूरिक एसिड जैसी समस्याएं ज्यादा होती थीं, लेकिन अब वक्त पूरी तरह बदल चुका है. आज के दौर में बड़ी संख्या में युवा बीमारियों का शिकार हो रहे हैं. बदलती लाइफस्टाइल और अनहेल्दी खान-पान समेत कई फैक्टर्स युवाओं को मरीज बना रहे हैं. घंटों लैपटॉप पर बैठकर काम करने से भी सेहत को गंभीर नुकसान हो रहे हैं. आज डॉक्टर से जानेंगे कि युवाओं को कौन सी परेशानियां सबसे ज्यादा प्रभावित कर रही हैं और इनसे कैसे बचा जाए.

डॉक्टर्स का कहना है कि आजकल युवाओं की लाइफस्टाइल और खान-पान काफी बिगड़ गया है. वे देर रात तक जागकर फोन और लैपटॉप इस्तेमाल करते रहते हैं. इसके साथ जंक फूड्स का जमकर सेवन करते हैं और फिजिकल एक्टिविटी जरूरत से कम करते हैं. यही बीमारियों की सबसे बड़ी वजह साबित हो रही हैं. हेल्दी रहने के लिए गलत आदतों को सुधारने की जरूरत है. इसके अलावा समय-समय पर चेकअप करवाकर इन परेशानियों से बचने में मदद मिल सकती है.

डॉक्टर ने बताया कि आज के दौर में युवा हाई कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर, हाई यूरिक एसिड, डायबिटीज और फैटी लिवर की समस्याओं का सामना कर रहे हैं. कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाए, तो हार्ट अटैक और स्ट्रोक की वजह बन सकता है. हाई ब्लड प्रेशर भी कार्डियोवैस्कुलर डिजीज की वजह बन सकता है. यूरिक एसिड ज्यादा हो, तो किडनी से संबंधित बीमारियों की वजह बन सकता है. डायबिटीज बेहद खतरनाक बीमारी है, जिसमें ब्लड शुगर ज्यादा हो जाता है और जिंदगीभर इसे कंट्रोल करने के लिए दवाएं लेनी पड़ती हैं. इसके अलावा फैटी लिवर से लिवर की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है.

इन बीमारियों से कैसे करें बचाव

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो इन सभी बीमारियों से बचने के लिए युवाओं को नियमित रूप से एक्सरसाइज करनी चाहिए. घर का बना हेल्दी फूड ही खाना चाहिए. जंक फूड्स को अवॉइड करना चाहिए. स्मोकिंग और शराब को पूरी तरह अवॉइड करना चाहिए. एक सबसे बड़ी बात है कि युवाओं को कम से कम स्ट्रेस लेना चाहिए. अत्यधिक तनाव मेंटल हेल्थ बर्बाद कर सकता है. इसके अलावा समय-समय पर कोलेस्ट्रॉल, बीपी, ब्लड शुगर, यूरिक एसिड और लिवर समेत फुल बॉडी चेकअप करवाना चाहिए. इससे वक्त रहते बीमारियों का पता चल जाएगा और उसे ट्रीटमेंट के जरिए आसानी से कंट्रोल किया जा सकेगा.

# 10 लाख की सैलरी पर जीरो टैक्स, जानिए कैसे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट , 19 जून , अगर आपकी आय 10 लाख रुपए तक है तो यह आर्टिकल आपको पूरी तरह से टैक्स देने से बचाने में मदद करेगा। बशर्ते आपने नई टैक्स रिजीम को ना चुना हो। दरअसल नई टैक्स रिजीम में अगर आपकी आय 7 लाख से कम है तो आपको कोई भी टैक्स नहीं देना होता है। मान लेते हैं कि अगर आपकी सैलरी 10 लाख रुपए सालाना है और आपको इसपर टैक्स ना सिर्फ बचाना है बल्कि शून्य करना है तो इसके लिए आपके पास कई विकल्प हैं, जिनका इस्तेमाल करके आप टैक्स बचा सकते हैं।

एचआरए-होम लोन पर छूट

अगर आपकी सैलरी 10 लाख रुपए है तो आप अपने एचआरए या फिर होम लोन पर लगने वाले ब्याज पर दो लाख रुपए तक की छूट ले सकते हैं। इसके बाद आपको एलटीए, 40 हजार रुपए का क्लेम करना है। 80 सी के तहत छूट इसके साथ ही आपको स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हजार रुपए का मिल जाएगा। इसके बाद सेक्शन 80सी में आपको डेढ़ लाख रुपए तक की छूट मिल जाएगी। इसके लिए आपके पास निवेश करने के विकल्प हैं, उदाहरण के तौर पर आप ईएलएसएस में निवेश कर सकते हैं।

गैस कटर से काटे जा रहे हैं रेल के डिब्बे, हेल्पलाइन नंबर जारी, अब तक 8 की मौत टर्म पॉलिसी-हेल्थ इंश्योरेंस में छूट अपनी टर्म पॉलिसी पर भी आप सेक्शन 80 सी में छूट ले सकते हैं। सेक्शन 80 डी में आपको अपने हेल्थ इंश्योरेंस पर 50 हजार रुपए तक की छूट मिल सकती है। एनपीएस में 50 हजार तक की छूट साथ ही एनपीएस में निवेश के लिए भी आपको 50 हजार रुपए का अतिरिक्त छूट मिल सकती है। यह पूरी राशि जोड़ने के बाद आपकी कुल आय 5 लाख रुपए से कम हो जाएगी,जिसपर कोई भी टैक्स आपको नहीं देना होगा।

## निर्जला एकादशी पर छबील लगाई

नई टिहरी। वर्ष भर में आनेवाली एकादशियों में निर्जला एकादशी का सर्वाधिक महत्व माना जाता है। इस एकादशी को बिना जल ग्रहण किए जल और फल का दान विशेष पुण्यदायी माना गया है। निर्जला एकादशी पर लगने वाली छबील में इस वर्ष राजेश भट्ट, त्रिलोक रावत, अखिलेश कोटियाल, रेखा शर्मा, संध्या बिष्ट, नेहा बिष्ट, तानिया नेगी आदि सहयोग दिया।

## सक्षम के उपाध्यक्ष बने चंद्रशेखर पैन्यूली

नई टिहरी। प्रतापनगर ब्लॉक की भदूरा पट्टी के लिखवार गांव के प्रधान चंद्रशेखर पैन्यूली को समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। सक्षम के जिलाध्यक्ष हर्षमणि बहुगुणा की ओर से मनोनयन पत्र जारी किया गया। उपाध्यक्ष पैन्यूली को संगठन को मजबूत करने को कहा गया। 20 जून को संगठन के स्थापना दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर रानीचौरी में कार्यक्रम आयोजित होगा।

## अवैध खनन में क्रेशर सीज, 23 लाख का जुर्माना लगा

रुद्रप्रयाग। अवैध खनन पर जिला प्रशासन ने एक क्रशर को सीज किया है जबकि विभिन्न अनियमितता पाए जाने पर 23 लाख का जुर्माना लगाया है। अवैध खनन एवं खनन संबंधित दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर ग्राम ल्वारा स्थिति मैसर्स आरजी बिल्डवैल द्वारा संचालित मोबाईल स्टोन क्रशर, हॉट मिक्स प्लांट एवं क्रशर प्लांट में भंडारित उप खनिज को सीज किया गया। संबंधित को नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब देने के भी निर्देश दिए गए हैं। उप निदेशक बीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान ग्राम चमसील-सारी तहसील रुद्रप्रयाग में सारी पुल के समीप एक अपस्ट्रीम में वाहन संख्या यूके 13सीए-0593 में कुछ मजदूरों द्वारा उप खनिज भरते हुए पाया गया। इस दौरान मजदूर मौके से फरार हो गए।

## वन निगम आउटसोर्स कर्मचारियों का क्रमिक अनशन स्थगित

देहरादून। अपनी मांगों को लेकर वन विकास निगम मुख्यालय में धरने पर बैठे कर्मचारियों ने मंगलवार से शुरू होने वाला क्रमिक अनशन स्थगित कर दिया है। सीएम से वार्ता और मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद ये निर्णय लिया गया। हालांकि कर्मचारी काम पर नहीं लौटे हैं और धरना जारी है। वन विकास निगम कर्मचारी संगठन के प्रदेश महामंत्री प्रेम सिंह चौहान ने बताया कि कर्मचारियों के सेवा विस्तार का प्रस्ताव प्रमुख सचिव वन के पास गया था। उनके स्तर से उस पर निर्णय होना था। लेकिन उन्होंने इसे कार्मिक को भेज दिया। लेकिन कार्मिक से भी उस पर फैसला नहीं हो रहा है। उन्होंने संगठन की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कर्मचारियों के सेवा विस्तार की मांग की है। उन्होंने बताया कि संगठन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की थी। जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय से कर्मचारियों को जल्द सीएम से वार्ता और कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### कोटचुला के पास प्राचीन प्राकृतिक जल स्रोत सूखा

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर-बुघाणी-खिर्सू लिंक मोटरमार्ग पर कोटचुला के पास प्राचीन प्राकृतिक जल स्रोत सूख चुका है। इस जल स्रोत से राहगीरों के साथ-साथ आस-पास के लोग अपनी प्यास बुझाया करते थे। गर्मियों में सांय के समय खिर्सू-श्रीनगर लिंक मोटरमार्ग पर लोग टहलने के लिए जाते है, ऐसे में थके हुए लोगों के लिए यह प्राकृतिक जल स्रोत प्यास बुझाता था, लेकिन बढ़ती गर्मी के साथ वह पूर्ण रूप से सुख गया है। सामाजिक कार्यकर्ता सीता राम बहुगुणा ने बताया कि वर्ष 1906 से भी पुराना यह धारा बिना रखरखाव के कारण और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना में हो रही भारी भरकम ब्लास्टिंग के कारण सूख गया है। बताया कि इस धारे से श्रीनगर-खिर्सू रोड़ पर घूमने आने वाले लोग इसका प्रयोग करते थे। लेकिन इस वर्ष अधिक गर्मी पड़ने के कारण यह प्राकृतिक जल स्रोत धीरे-धीरे सुख गया। बताया कि इससे पूर्व 2016 में इसकी साफ-सफाई कर इसे रीचार्ज किया गया था। जिसके बाद धारे ने सात सालों तक लोगों की प्यास बुझाई। बताया कि कभी पेयजल आपूर्ति न होने के चलते आस-पास के लोग इसी प्राकृतिक जल स्रोत से अपनी पेयजल की पूर्ति करते थे। सीता राम बहुगुणा ने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोतों के रखरखाव के अभाव और छेड़छाड़ के चलते हमारे नौले-धारे विलुप्त होने के कगार पर आ गये है। उन्होंने शासन-प्रशासन से प्राकृतिक जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस कदम उठाये जाने की मांग की है।

### स्व बहुगुणा का नहीं कर पाये वैश्विक उपयोग : किशोर उपाध्याय

नई टिहरी। पर्यावरणविद् स्व सुंदर लाल बहुगुणा के प्रयासों से नई टिहरी में बनाए गए ठक्कर बापा छात्रावास के सफलतम 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि स्व बहुगुणा टिहरी के समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहे। मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि उनकी पर्यावरण संरक्षण की सोच से दुनिया तक ने सबक लिया। लेकिन हम उनका वैश्विक उपयोग नहीं कर पाये। लेकिन आज भी जरूरत है कि उनके सोच को आज की प्रासंगिकता में उपयोग किया जाय। उन्होंने कहा कि इस छात्रावास की स्थापना भी बहुगुणा के समाज सेवा की चरम जिज्ञासा के दर्शाती है। 1949 के दौर में जातीय भेदभाव चरम पर था। जिसकी परेशानी एससी वर्ग के छात्र झेल रहे थे। उनकी परेशानी का देखते हुए स्व बहुगुणा ने इस छात्रावास की स्थापना 1949 में पुरानी टिहरी में की। जिसमें सभी जाति के छात्रों को साथ रहकर साथ खाने व पढ़ने की प्रेरणा दी। आज नई टिहरी में विस्थापन के बाद यह छात्रावास 75 साल सफलता से पूरे कर चुका है। आज भी लगभग 38 छात्र इस छात्रावास में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। दलितों के लिए काम करने वाले ठक्कर बापा के नाम से ही छात्रावास का नाम रखा।

### मिनिस्ट्री ऑफ पॉवर और पीजीसीआईएल सेमी फाइनल में पहुंचे

नई टिहरी। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वाधान में टीएचडीसी इंडिया लि. भागीरथीपुरम में 27वीं अंतर केंद्रीय विद्युत क्षेत्र उपक्रम कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया। मंगलवार से शुरु हुए पांच दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर के 12 सार्वजनिक उपक्रमों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। आगामी 22 जून को प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन होगा। महाप्रबंधक (एचआर) डॉ. एएन त्रिपाठी ने बताया कि पहले दिन पुरुष और महिला चैंपियनशिप के पहले राउंड के मैच खेले गए। पुरूष वर्ग में ग्रिड इंडिया ने पीएफसी को 2-1, निपको ने पीजीसीआईएल को 2-1 और एनएचपीसी ने भी टीएचडीसी को 2-1 से हराया। महिला वर्ग में मिनिस्ट्री ऑफ पॉवर ने एनएचपीसी को 2-1 और पीजीसीआईएल ने टीएचडीसी इंडिया को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान बनाया।

### पीजी कालेज में मेडिटेशन शुरू किया

नई टिहरी। प्राचार्य प्रो पुष्पा नेगी ने महाविद्यालय परिसर में मेडिटेशन सीरीज का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आप को फिट रखना बड़ी चुनौती है। छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय के स्टाफ को चाहिए कि नियमित रूप से योग, ध्यान को अपनाएं। मानसिक तनाव को देखते हुए सभी को ध्यान की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। महाविद्यालय में संयोजक डॉ. पदमा वशिष्ठ , डॉ. आशा डोभाल, डॉ. भारती जायसवाल और डॉ. पूनम तिवारी की ओर से यह सीरीज शुरू की गई है।


# नेता ने बोला झूठ तो हिला देगी A I सीट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 ,जून चुनाव में वादे करके भूल जाने वाले जनप्रतिनिधियों को अब वादों को याद दिलाना आसान हो गया है। गोरखपुर के आईटीएम कॉलेज के कंप्यूटर साइंस के प्रथम वर्ष के छात्र अंशित श्रीवास्तव ने एक ऐसी एआई कुर्सी बनाई है, जो नेताओं के बैठते ही उनके वादों की याद दिलाता है। जनता के अधिक संख्या में नाराज होने पर कुर्सी नेताओं को उनकी नाराजगी के बारे में भी बताएगी। अंशित का कहना है कि भविष्य के प्रधानमंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को ध्यान में रखकर बनाई गई इस 'एआई कुर्सी' में और भी बहुत खूबियां हैं। यह कुर्सी नेताओं को न केवल जनता से किए वादे जैसे रोजगार, शिक्षा, महिला, सड़क सुरक्षा, जल निकासी आदि समस्याओं की याद दिलाती है। इनके पूरा नहीं होने पर नाराज जनता के प्रति भी आगाह करेगी। यह कुर्सी सोशल मीडिया से जुड़ी होगी।

उन्होंने बताया कि इस कुर्सी में लगे लाल और हरे रंग के लाइट इंडिकेटर के माध्यम से नेताओं के कार्यों का मूल्यांकन होगा। यह मूल्यांकन जनता खुद करेगी और उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए 'गुड' अथवा 'बैड' मार्क दे सकेगी। अंशित ने बताया कि कुर्सी पर सेंसर लगे हैं। उनके एक्टिवेट होने से पीएम और सीएम जैसे नेताओं को भी इंडिकेशन मिलने लगेगा। उन्हें कुर्सी से पता चलता रहेगा कि कितने लोग उनके कार्यों को पसंद कर रहे हैं और कितने नाराज हैं।





लाखों की संख्या में लाइक होने पर एआई कुर्सी एक्टिवेट हो जाएगी। कुर्सी पर बैठने वाले को उसके काम की जानकारी व लोकप्रियता का भी पता चलेगा। समय-समय पर देशभक्ति गाने बजाने वाली यह कुर्सी भारी संख्या में जनता की नाराजगी का मूल्यांकन कर हिलने लगती है और नेताओं को जनता के नाराज होने का एहसास भी करवाती है।

संस्थान के निदेशक एनके सिंह ने कहा कि यह एआई कुर्सी भविष्य में तकनीक के माध्यम से और स्मार्ट होगी। देश का भविष्य तय कराने में इसका बहुत ही उपयोग होने वाला है। होनहारों ने महज 15 दिनों में 35 हजार रूपये खर्च कर इसे तैयार किया है। इसके निर्माण में एंड्राइड मोबाइल, लाल और हरा इंडिकेटर, पिंस केबल, फाइबर कुर्सी, पीसीबी बोर्ड, बैटरी इत्यादि का प्रयोग किया गया है। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के सेवानिवृत प्रोफेसर नरेंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों ने बहुत अच्छी और आधुनिक कुर्सी का निर्माण किया है। यह एक नवाचार है। कुल मिलाकर यह जनप्रतिनिधियों की ड्यूटी को याद दिलाएगी।

# अंधेरे में फोन के इस्तेमाल से Cell Phone Blidness का खतरा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 19 जून , आजकल हर कोई अपना ज्यादातर समय स्मार्टफोन या लैपटॉप पर बिताते हैं. अधिकतर काम भी ऑनलाइन होने लगे हैं और इसकी वजह से लोगों का स्क्रीन टाइम काफी बढ़ गया है. वहीं ऑफिस जाने वाले लोग 9 घंटे लगातार स्क्रीन पर आंखें गड़ाए बैठे रहते हैं. डिजिटल दुनिया में, ऑफिस के काम से लेकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स जैसी मजेदार चीजें मोबाइल फोन पर हैं और ओटीटी जेसी चीजों की लोगों को लत लग गई है. लेकिन ज्यादा समय तक स्क्रीन, कंप्यूटर और स्मार्टफोन स्क्रीन से हमारी आंखों को खराब कर रही हैं, जिसे सेल फोन ब्लाइंडनेस कहा जाता है.इसके चलते हमें डिजिटल आई प्रॉब्लम या सेल फोन ब्लाइंडनेस (Cell phone blindness) की समस्या हो सकती है. इसके चलते आंखों में सूखापन, लालिमा, खुजली और आंसू आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

यह स्थिति आम तौर पर उन व्यक्तियों को प्रभावित करती है जो रात में बिस्तर पर अपने स्मार्टफोन का उपयोग एक आंख को ढककर करते हैं. रिसर्च के मुताबिक भारत में लोग औसतन 1800 घंटे अपने मोबाइल फोन पर खर्च करते हैं.

**जानें इसके लक्षण**






ब्लर विजनः बहुत देर तक नीली स्क्रीन पर देखने से आपको अक्सर ऐसा महसूस हो सकता है कि कोई चीज़ आपकी विजन को रोक रही है. आपकी विजन धुंधली हो जाना जैसे कोई कण आंख में फंस गया हो.

आई स्ट्रेनः यह एक आम बीमारी है. ये तब होती है जब आपकी आंखें लंबे समय तक ड्राइविंग या कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की स्क्रीन पर देर तक देखने से थक जाती हैं. इससे आपकी आंखों से पानी आना शुरू हो सकता है.

ड्राई आंखेंः यदि आप वॉलेट प्लेटफ़ॉर्म' यानी डिजिटल स्क्रीन देख रहे हैं, तो आपकी पलकें कम बार झपकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप, आंखें उन नैचुरल फ्लूड से वंचित हो जाती हैं जिनकी उन्हें आवश्यकता होती है. इससे आपकी आंखें शुष्क और चिड़चिड़ी हो सकती हैं. इसलिए समय-समय पर आपको अपनी नजरें वॉलेट डिजिटल स्क्रीन से हटा लेनी चाहिए और अपनी आंखों को थोड़ा आराम देना चाहिए.

आंखों को बचाने के लिए इन टिप्स को करें फॉलो

अंधेरे में फोन का उपयोग करने से बचेंः स्क्रीन और आसपास के अंधेरे के बीच तेज कंट्रास्ट को रोकने के लिए स्मार्टफोन का उपयोग अच्छी रोशनी वाले वातावरण में करें.

नाइट मोड या ब्लू लाइट फिल्टर का उपयोग करेंः नीली रोशनी की मात्रा को कम करने के लिए अपने स्मार्टफोन पर नाइट मोड या ब्लू लाइट फिल्टर एक्टिव करें.

बार-बार ब्रेक लेंः 20-20-20 नियम का पालन करें, हर 20 मिनट में, आंखों पर पड़ने वाले तनाव को कम करने के लिए 20 फीट दूर किसी चीज को कम से कम 20 सेकंड तक देखें.ब्राइटनेसः स्क्रीन की ब्राइटनेस को सही रखें ताकि इससे आपकी आंखों में जलन न हो. वॉलेट प्लेटफ़ॉर्म पर एंटी-ग्लेयर स्क्रीन फिट करें'. यह आपकी आंखों पर इतना ज्यादा दबाव नहीं डालेगी. आप ब्लू लाइट फिल्टर का भी उपयोग कर सकते हैं.

एर्गोनोमिक सेटिंगः अपने कंप्यूटर या मोबाइल को एक हाथ की दूरी पर रखें. इसे आंखों के साथ-साथ अपनी गर्दन और सिर से भी दूर रखना चाहिए.

दोनों आंखों का इस्तेमाल करेंः सुनिश्चित करें कि दोनों आँखें स्क्रीन की रोशनी के बराबर संपर्क में हों. फ़ोन का इस्तेमाल करते समय करवट लेकर लेटने से बचें, क्योंकि ऐसा करने से एक आंख ढक सकती है.

स्क्रीन के सामने बिताए गए समय को सीमित करेंः स्क्रीन के सामने बिताए गए समय को कम करें, विशेष रूप से सोने से पहले, ताकि आपकी आंखों को आराम मिले और आपकी नींद के पैटर्न में रुकावट न आए.

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर मीठा पानी में दुकान टूटने से सात यात्री घायल

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम में एक बार फिर दर्दनाक हादसा हुआ है। केदारनाथ पैदल मार्ग पर दुकान के अचाकर टूटने की वजह से मलबे में सात तीर्थ यात्री घायल हो गए। जिला प्रशासन-पुलिस टीम ने तुरंत ही मौके पर पहुंच घायलों को रेस्क्यू कर नजदीकि अस्पताल में भर्ती कराया। दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अुनसार, केदारनाथ पैदल रूट पर बीती रात्रि (सोमवार को) देर शाम करीब 8:35 बजे मीठा पानी पड़ाव के पास एक कच्ची दुकान (ढाबा) अचानक टूट गया। दुकान के टूटने की वजह से दुकान के अन्दर बैठे तीर्थ यात्री मलबे के नीचे दबकर घायल हो गए थे। जिन्हें सूचना प्राप्त होते हुए डीडीआरएफ की टीम द्वारा एमआरपी गौरीकुंड लाया गया। साथ ही प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री केदारनाथ धाम की यात्रा पर पहुंचे सोनीपत (हरियाणा) निवासी समीर द्वारा देर रात आपदा कंट्रोल प्रबंधन को सूचित किया गया कि श्री केदारनाथ यात्रा पड़ाव मीठा पानी के समीप एक कच्ची दुकान (ढाबा) अचानक टूट गया है। जिसकी सूचना मिलते ही डीडीआरएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची तथा दुकान के अंदर बैठे सभी घायल व्यक्तियो को एमआरपी गौरीकुंड लाया गया। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायल व्यक्तियो को टीम द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से हायर सेंटर भेज दिया गया है। दो तीर्थ यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## बंदरों के हमले में महिला गंभीर घायल

चमोली। पिंडर घाटी के गांवों, कस्बों, बाजारों में उत्पाती बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। मंगलवार सुबह थराली में बंदरों के झुंड ने महिला पर हमला कर घायल कर दिया। घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली में भर्ती कराया गया। सामाजिक कार्यकर्ता गंगा सिंह बिष्ट ने बताया नगर पंचायत वार्ड नंबर दो मे रह रही नूरजहां पत्नी अशफाक अहमद पर बंदरों ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया।

## ड्रिल कंपटीशन में अल्फा कंपनी प्रथम रही

चमोली। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज तलवाड़ी में मंगलवार को दस दिवसीय एनसीसी कैंप का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हो गया है। समापन समारोह में कैंप कमांडेंट कर्नल एके बिश्नोई सेवा मेडल ने शिविर में केडेट्स को जीवन में अनुशासित तथा कर्तव्यनिष्ठ होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस दस दिनों के प्रशिक्षण के दौरान शस्त्र संचालन, सेल्फ डिफेंस, ट्रैकिंग,स्वच्छता अभियान, क्विज प्रतियोगिता,साइबर सेल, हाइजीन व सेनिटेशन ड्रिल, करियर काउंसलिंग के साथ-साथ फुटबाल,वालीबाल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से क्रेडिट ने जो भी सीखा उसे अपने जीवन में आत्मसात करते हुए देश सेवा सेवा भाव तथा शौर्य की भावना विकसित करें।

## बदरीनाथ में मास्टर प्लान से प्रभावितों ने किया प्रदर्शन

चमोली। बदरीनाथ में मंगलवार को मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति और बदरीनाथ मास्टर प्लान के प्रभावितों ने अपनी मांगों को लेकर सांकेतिक प्रदर्शन कर विरोध दर्ज किया। मौके पर भविष्य के आंदोलन की रणनीति को अंतिम रूप दिया गया। संघर्ष समिति ने मास्टर प्लान से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने अपनी समस्या को समिति के सामने रखा। मौके पर समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि मूल निवासियों को विश्वास में लिए बगैर बदरीनाथ में निर्माण कार्य चल रहा है। मास्टर प्लान को लागू करने में नियमों की अवहेलना हुई है और मूल निवासी, हक-हकूकधारियों को अपनी आपत्ति दर्ज करने का मौका नहीं दिया गया। मास्टर प्लान कैसे लागू हो इसके लिए उत्तराखंड अर्बन एंड कंट्री प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्ट में व्यवस्था है। इस ऐक्ट के तीसरे अध्याय में नियमों के मुताबिक पहले ड्राफ्ट मास्टर प्लान को प्रकाशित कर सभी पक्षों को आपत्तियां दर्ज करने का अवसर मिलना चाहिए था, लेकिन सरकार ने बिना अनुमति के ही मकान तोड़ दिए।

## घायल गुलदार के खून व जख्मों के नमूने जांच के लिए भेजे

पौड़ी। बीते सोमवार को पौड़ी ब्लाक के बैंग्वाड़ी गांव में लोगों ने गुलदार को एक खंडहर में दुबकते हुए देखा। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार का रेस्क्यू कर उसे पौड़ी रेंज नागदेव ले आई। डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्ध ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद पता चला कि वह सात साल का नर गुलदार है। उसके चारों पंजों में काफी जख्म बन हुए हैं। जो कि पुराने भी प्रतीत हो रहे हैं। साथ ही उसकी दाईं आंख के आसपास भी घाव दिखाई दिए। बताया कि गुलदार की सभी जरूरी जांच के लिए सैंपल भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली और राज्य के पशुलोक लैब में भेजे गए हैं।

# नशा मुक्त देहरादून के लिए एएनटीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

- नुक्कड नाटक के माध्यम से आम जनमानस को किया जागरूक
- आम जनमानस से परस्पर सहयोग का किया आहवाहन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क







देहरादून , 19 जून , नशा मुक्त देवभूमि उत्तराखण्ड 2025 की परिकल्पना को सार्थक सिद्ध किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने सम्पूर्ण जनपद में नशे से होने वाले दुष्प्रभावों, उनसे बचाव के तरीकों के सम्बन्ध में व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाये जाने हेतु सभी अधीनस्थों को विस्तृत निर्देश जारी किये हैं। इन्हीं निर्देशों के क्रम में सम्पूर्ण जनपद में समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है,

एएनटीएफ टीम तथा पुलिस टीम ने कर्मा नशा मुक्ति केन्द्र के साथ मिलकर आई0एस0बी0टी0 देहरादून में लोगों को नशे के दुष्परिणामों के संबंध मे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित आम जनमानस को नुक्कड नाटक के माध्यम से जागरूक करते हुए सभी को लोगो से नशे के विरूद्ध जागरूक होते हुए नशे का परित्याग किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त आम जनमानस से आहवाहन किया गया कि उत्तराखण्ड को नशा मुक्त देवभूमि बनाने में आम जनमानस का सहयोग अपेक्षित है तथा यदि कोई भी व्यक्ति अपने आस पास नशे के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों अथवा अवैध गतिविधियों के विषय में जानकारी प्रदान करता है तो उसकी जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जायेगी।

## संपादकीय

### गांधी उत्तर-दक्षिण के

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी पारिवारिक संसदीय सीट रायबरेली से ही सांसद रहेंगे, लेकिन केरल की वायनाड सीट से इस्तीफा देंगे। वायनाड से छोटी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा अपनी चुनावी सियासत की शुरुआत करेंगी। वैसे वह 2004 से कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करती रही हैं। वह पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव भी हैं, लेकिन 20 लंबे सालों के बाद अब उन्हें चुनाव लडऩे का मौका मिल रहा है, क्योंकि वायनाड की राजनीति को भी सुरक्षित रखना है। यदि प्रियंका उपचुनाव में जीत हासिल कर लेती हैं, तो वह पहला मौका होगा, जब गांधी परिवार के तीनों सदस्य सांसद होंगे। भाई-बहन लोकसभा सांसद हो सकते हैं, जबकि मां सोनिया गांधी राज्यसभा सदस्य हैं। यदि मेनका-वरुण गांधी को भी 'गांधी परिवार' में गिना जाए, तो यह पहला मौका है कि मां-बेटा दोनों ही संसद में नहीं हैं। बहरहाल हम कांग्रेस के गांधी परिवार की बात कर रहे हैं। लंबे चिंतन और विमर्श के बाद राहुल गांधी ने वायनाड सीट छोडऩे का फैसला किया है। वायनाड ने राहुल गांधी की राजनीति और सांसदी का अस्तित्व बचाए रखा था, क्योंकि 2019 में भाजपा की स्मृति ईरानी ने अमेठी सीट पर उन्हें पराजित कर दिया था। तब वह वायनाड से जीत कर संसद में पहुंचे थे। अब 2024 के चुनाव में भी वायनाड सीट पर उनका मुकाबला सीपीआई की वरिष्ठ नेता एनी राजा से था। केरल में वाममोर्चे की ही सत्ता है, लेकिन वायनाड में जातीय, मजहबी समीकरण ऐसे हैं और फिर मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन है, जिससे कांग्रेस उम्मीदवार की जीत लगभग तय हो जाती है। वायनाड से राहुल गांधी 3,64,422 वोट से विजयी हुए थे। केरल राज्य कांग्रेस के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि डेढ़ साल बाद वहां विधानसभा चुनाव हैं। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने एकतरफा जीत हासिल की है, लिहाजा कांग्रेस के भीतर विचार किया गया कि दक्षिण भारत को सहेज कर रखा जाए। चूंकि राहुल ने रायबरेली सीट भी 3,90,030 वोट से जीती है और उप्र में सपा के गठबंधन में कांग्रेस के 6 सांसद जीते हैं, बल्कि भाजपा को 33 सीट पर समेट दिया है। इस तरह भाजपा को 29 सीट का नुकसान हुआ है। कांग्रेस-सपा ने भाजपा को करारा राजनीतिक आघात दिया है। विधानसभा में कांग्रेस के मात्र 2 विधायक हैं, लिहाजा संसदीय चुनाव पार्टी के लिए 'वरदान' माने जा रहे हैं। अब कांग्रेस 2027 में विधानसभा चुनाव के लिए भी सपा के साथ गठबंधन बरकरार रखना चाहती है। कांग्रेस की खोई जमीन हासिल कर पार्टी को पुनरोत्थान के रास्ते पर लाना चाहती है, लिहाजा तय किया गया है कि उत्तरी भारत में राहुल गांधी कांग्रेस का चेहरा होंगे। दक्षिण में प्रियंका की भूमिका कितनी कारगर और सार्थक रहती है, यह वायनाड उपचुनाव के जनादेश के बाद की राजनीति से ही तय होगा। वैसे दक्षिण भारत कांग्रेस और गांधी परिवार पर अतिरिक्त भरोसा करता रहा है। कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस सरकारें हैं। इतिहास में जाएं, तो आपातकाल के बाद 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी हार गई थीं, तो उन्होंने कर्नाटक के चिकमंगलूर से उपचुनाव लड़ा और वह जीत कर लोकसभा पहुंची।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## प्रियंका गांधी को प्रत्याशी घोषित करने पर कार्यकर्ताओं ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

हरिद्वार। कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी वाड्रा को उपचुनाव में वायनाड से प्रत्याशी घोषित करने पर मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। अवधूत मंडल आश्रम के हनुमान मंदिर में पूर्व सभासद अशोक शर्मा के साथ कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रियंका गांधी वाड्रा के सबसे अधिक वोट से जिताने की कामना की। इस अवसर पर अशोक शर्मा और निवर्तमान पार्षद उदयवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा लोकसभा में जनता की आवाज़ पुरजोर तरीके से उठाएंगी। केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। राहुल गांधी उत्तर और प्रियंका गांधी वाड्रा दक्षिण में कांग्रेस को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर वीरेंद्र भारद्वाज, शुभम अग्रवाल, सुनील कुमार, हरद्वारी लाल, बृजमोहन बड़थ्वाल, अर्जुन शर्मा, दीपक गोनियाल, सुमित भाटिया, संगम शर्मा, गजेन्द्र जोशी, तेजस्वी गुप्ता, लव गुप्ता, ऐश्वर्य पंत, नारायण कुमार, नकुल महेश्वरी, संचित ग्रोवर, राजन राठौर, रमेश महेंद्रू, अमित रस्तोगी, देवेश गौतम, सोनू, रहीश अब्बासी, नितिन कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## ललतारौ नदी की सफाई कराने को सौंपा ज्ञापन

हरिद्वार। कचरे और मलबे से भरी पड़ी ललतारौ नदी की सफाई की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद विनीत जौली के संयोजन में विधायक मदन कौशिक, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, उपजिलाधिकारी मनीष सिंह को ज्ञापन सौंपा। निवर्तमान पार्षद अनिरुद्ध भाटी, विनीत जौली ने कहा कि शिवालिक पर्वत मालाओं से निकलने वाले बरसाती नालों, ब्रह्मपुरी और बिल्केश्वर कालोनी, झलकारी बस्ती, वाल्मीकि बस्ती, निर्मला छावनी का समूचा बरसाती पानी ललतारौ नदी के माध्यम से गंगा में जाता है। वर्तमान में सफाई न होने के चलते ललतारौ नदी में मलबा, पत्थर, मिट्टी जमा होने से भूस्तर काफी ऊंचा हो गया है। जिस कारण बरसाती पानी गंगा तक नहीं जा पा रहा है।

विगत वर्ष भी वर्षकाल में क्षेत्र में जल भराव हो चुका है। इससे निजात पाने के लिये युद्धस्तर पर ललतारौ नदी की सफाई आवश्यक है। विधायक मदन कौशिक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए नगर आयुक्त व एसडीएम को अविलम्ब सफाई कराने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने ज्ञापन लेने के बाद इस संदर्भ में एसडीएम को तुरंत सफाई कराने के लिये कार्य योजना हेतु निर्देशित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### निर्जला एकादशी पर प्याऊ लगाया

हरिद्वार। सिडकुल एंटरप्रेन्योर वेलफेयर एसोसिएशन सेवा की ओर से सिडकुल क्षेत्र में श्रमिकों और कामगारों के लिए निर्जला एकादशी पर प्याऊ लगाया गया। नॉर्दर्न फ्यूल इंडियन ऑयल की ओर से सभी ट्रक ड्राइवरों और क्लीनरों के लिए विशेष प्याऊ लगाया गया। इस मौके पर सेवा संस्था से अध्यक्ष हिमेश कपूर, संरक्षक जगदीश लाल पाहवा, रंजीत जालान, कुलदीप हांडा, मनोज मिश्रा, त्रिलोक सिंह, पवन अग्रवाल, पवन शर्मा, अमरीक सिंह भट्टी, नीतीश कुमार, आशु जैन, अनिल अग्रवाल, गुलशन चंडोक आदि मौजूद रहे।

### दंपति ने जन्मदिन पर किया रक्तदान

हरिद्वार। ज्वालापुर निवासी दंपति ने अपने एक ही दिन होने वाले जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए अनोखा तरीका अपनाया। मंगलवार को दोनों पति-पत्नी ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। पति विनीत कुमार ने बताया कि कोरोना काल में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में अस्थायी रूप में काम किया था। उस दौरान उन्होंने बहुत सी जानों को खून और अन्य चीजों की कमी के चलते जाते हुए देखा था। इसलिए उन्होंने अपने जन्मदिन पर रक्तदान करने की सोची। जिला ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. निशात अंजुम ने बताया कि मंगलवार को ज्वालापुर निवासी दंपति विनित कुमार और निभा ने एक साथ रक्तदान करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने बताया कि जब विनीत कुमार से एक साथ खून देने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि उनका और उनकी पत्नी का जन्मदिन एक ही दिन होता है। इसलिए हमने अपने जन्मदिन से एक दिन पूर्व रक्तदान करने का निर्णय लिया। जिला ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. निशात अंजुम ने दंपति के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि अन्य लोगों के लिए यह एक प्रेरणा बनेगा।

### पशुओं के लिए 50 जल कुंड रखवाए

हरिद्वार। महर्षि दयानंद योग फाउंडेशन ने शहर के विभिन्न स्थान पर पशुओं के लिए जल कुंड रखवाए हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज आर्य ने बताया कि मंगलवार को राजा गार्डन, देश रक्षक तिराहा, सिंहद्वार चौक, नहर पटरी और संयास रोड आदि स्थानों पर पशुओं के लिए प्रथम चरण में 50 जल कुंड विभिन्न स्थानों पर रखवाए जाएंगे। एक कुंड की पानी की क्षमता 100 लीटर की है। कार्यक्रम संयोजक उज्ज्वल पंडित में बताया कि निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर इस कार्य की शुरुआत की गई है, ताकि गर्मी से परेशान पशु भी इन जलकुंडों से राहत पा सकेंगे। इस मौके सचिव कविता खोलिया, अभिनव कुमार, बिशन रंजीत कुमार, धनंजय शुक्ला, मैनेजर दुबे, पोस्ट ऑफिस सिंहद्वार से दुर्गा दास धीमान आदि मौजूद रहे।

### सुमित्र पांडेय बने एकेडमी रिसर्च के नेशनल कॉर्डिनेटर

हरिद्वार। माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी के अध्यक्ष प्रो. एएम देशमुख ने हरिद्वार के सुमित्र पांडेय को माइक्रोबायोलॉजिस्ट बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री एकेडमी रिसर्च का नेशनल कॉर्डिनेटर बनाया है। सुमित्र वेलनेस प्रोडक्ट्स उद्योग में विशिष्ट विशेषज्ञ हैं। उन्हें यूरोप, यूएसए, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, चीन, भारत, मध्य पूर्व और अरब देशों में 25 सालों का कार्य अनुभव हैं। सुमित्र मेडिसिनल हर्ब्स, आयुर्वेद, कॉस्मेटिक्स, वेलनेस केयर, पेय पदार्थ और खाद्य उत्पादों के विशेषज्ञ हैं।

### बुजुर्ग महिला से सरेराह दो बदमाश सोने के कंगन लूटकर फरार

हरिद्वार। ज्वालापुर हरिलोक कालोनी में मंगलवार अल सुबह करीब पौने पांच बजे के आसपास घर के बाहर टहल रही एक बुजुर्ग महिला से सरेराह दो बदमाश दो सोने के कंगन लूटकर फरार हो गए। विरोध करने पर नीचे गिरने के चलते बुजुर्ग महिला चोटिल भी हो गई। इस घटना से कालोनवासियों में खौफ आ गए है। पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया है। कालोनीवासी ललित रस्तौगी की बुजुर्ग मां रोजाना की तरह मंगलवार सुबह अपने घर के बाहर टहल रही थी। वे जब घर से कुछ दूरी पर पहुंची तो पहले से ही एक घर के बाहर पार्क के पीछे घात लगाकर बैठे युवकों ने उन्हें घेर लिया। युवकों ने बुजुर्ग महिला के हाथ से सोने के कंगन उतराने चाहे, लेकिन बुजुर्ग विरोध करती रही। अंत में दोनों बदमाश हाथ से कंगन निकालने में कामयाब रहे। इस दौरान महिला नीचे भी गिर गई। हाथ से कंगन लेकर दोनों बदमाश फरार हो गए। जिसके बाद घायल बुजुर्ग महिला अपने घर वापस लौटी और परिजन को घटनाक्रम की जानकारी दी। लूट की सूचना मिलने पर ज्वालापुर पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्हें कालोनीवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा।

# डोईवाला गैस गोदाम में चोरी का दून पुलिस ने 48 घंटे के अन्दर किया खुलासा






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 19 जून , डोईवाला में शिकायतकर्ता शहबाज अली प्रबन्धक एचपी गैस एजेन्सी बुल्लावाला ने प्रार्थना पत्र दिया कि अज्ञात चोरो द्वारा एचपी गैस गोदाम बुल्लावाला डोईवाला से काफी मात्रा मे घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेण्डर चोरी कर लिये है। प्रार्थना पत्र के आधार पर तत्काल मु0अ0स0-196/24 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। घटना के अनावरण, अभियुक्त की गिरफ्तारी तथा माल बरामदगी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा पुलिस टीम गठित कर आवश्यक निर्देश निर्गत किये गये। गठित टीम द्वारा घटना स्थल के आस-पास के लोगों से घटना के सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित करते हुए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को गहनता से चैक किया गया। साथ ही सुरागरसी पतारसी करते हुए स्थानीय मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे प्रयासों के परिणाम स्वरूप मुखबिर खास की सूचना पर घटना को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्तों :- 1) जियाद (2) नरेन्द्र कुमार (3) गोपाल को चोरी किये गैस सिलेण्डरों के साथ राजीवनगर केशवपुरी बस्ती डोईवाला से गिरफ्तार किया गया।

पढ़िए कैसे हुई सिलेंडर चोरी की ये वारदात -

पूछताछ में अभियुक्त जियाद पुत्र दिलशाद ने बताया कि वो एचपी गैस गोदाम में स्टोर कीपर का कार्य किया करता था तथा गोदाम मे आने-जाने वाले गैस सिलेण्डरों का पूरा हिसाब अभियुक्त द्वारा ही रखा जाता था। अभियुक्त नरेन्द्र व गोपाल डोईवाला क्षेत्र में प्राईवेट रूप से सिलेण्डर सप्लाई का कार्य करते हैं। इसी दौरान तीनो की दोस्ती हो गई, तीनो अभियुक्तगण कम समय मे अधिक पैसा कमाने की फिराक में थे। जिस कारण तीनों ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से केशवपुरी बस्ती मे एक टीन शैडनुमा स्टोर बनाया हुआ था। अभि0 जयाद द्वारा योजना के मुताबिक गैस-गौदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे को थोडी देर के लिये बदं कर दिया जाता था,

इसी दौरान अभियुक्त नरेन्द्र व गोपाल द्वारा एक-एक, दो-दो करके गैस गोदाम से सिलेण्डर को सप्लाई किये जाने के बहाने गौदाम से सिलेण्डर बाहर निकालकर अपने केशवपुरी में बनाये गये निजि गोदाम मे रख लेते थे। जिसे बाद में उनके द्वारा डोईवाला व आस-पास के क्षेत्र मे बेचे जाते थे एंव सिलेण्डर बेचने से मिलने वाले रूपयो को वो तीनो आपस मे बाँट लेते थे। इस प्रकार उनके द्वारा लगभग 105 गैस सिलेण्डर अभी तक गोदाम से गायब करने की बात स्वीकार की गई, जिनमें से 40 सिलेण्डर उनके द्वारा बेच दिये गये। अभियुक्तगणों द्वारा पिछले 02 महीनो से गैस सिलेण्डर से सम्बन्धित हेरा-फेरी कर रहे थे। जब उन्हें अपने पकडे जाने का डर हुआ तो उनके द्वारा गैस गोदाम से सिलेण्डर चोरी होने की झूठी कहानी रची गई, लेकिन उनके द्वारा बचने के सभी प्रयासों को दून पुलिस द्वारा नाकाम करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

गिऱफ्तार अभियुक्त का विवरणः

1-जियाद पुत्र दिलशाद निवासी मुस्लिम बस्ती बुल्लावाला थाना डोईवाला जनपद देहरादून उम्र -23 वर्ष , 2-नरेन्द्र कुमार उर्फ पन्ना पुत्र सूरन सिंह निवासी ग्राम नगला डामर थाना बहुरा, तहसील पटियाली जिला कासगंज उ0प्र0 उम्र-30 वर्ष हाल पता- राजीव नगर केशवपुरी बस्ती थाना डोईवाला देहरादून 3-गोपाल पुत्र गिरवर सिंह निवासी राजीव नगर केशवपुरी बस्ती डोईवाला देहरादून स्थायी पता ग्राम बघेला पुख्ता ,थाना सोरों सुकर क्षेत्र जनपद कासगंज बरेली उ0प्र0उम्र-23 वर्ष

बरामदगी विवरणः-

1-कमर्शियल सिलेंडरः 35 अदद2- घरेलू एलपीजी सिलेंडरः 29 अदद (कुल 64 सिलेण्डर)

पुलिस टीम

01- श्री विनोद सिंह गुसांईं - प्रभारी निरीक्षक डोईवाला02- श्री दीपक रावत- व.उ.नि.03-उ0नि0 दिनेश चमोली04- हे0कानि0 देवेन्द्र नेगी05-कानि0 हसंराज06-कानि0 धर्मेन्द्र नेगी07- कानि0 रविन्द्र टम्टा

## कांवड़ियों पर लाठीचार्ज रातभर चला हंगामा

हरिद्वार। हरिद्वार-दिल्ली राजमार्ग से सटी सर्विस लेन में गंगाजल लेकर वेस्ट यूपी के पुरामहादेव मंदिर जा रहे कांवड़ियों पर कनखल पुलिस के लाठीचार्ज करने पर रातभर जमकर हंगामा हुआ। रातभर हाईवे पर डटे रहे कांवड़ियों कनखल पुलिस पर कार्रवाई की मांग की। कांवड़ियों के हाईवे पर डटे रहने से हरिद्वार पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह की अगुवाई में देर रात तक चले मान मनौव्वल के बाद कनखल पुलिस के खेद प्रकट करने के बाद पुलिस अभिरक्षा में कांवड़ियों ने हरकी पैड़ी पहुंचकर फिर से गंगा जल भरा और वापस रवाना हुए। स्थानीय पुलिस जिले की सीमा तक कांवड़ियों के साथ मुस्तैद रही। घटना सोमवार देर रात की है। वेस्ट यूपी के बागपत जिले से कांवड़ियों का जत्था यहां गंगाजल लेने पहुंचा था। जत्था गंगा जल लेकर सोमवार देर शाम हरकी पैड़ी से रवाना हुआ। जैसे ही कांवड़ियों की ट्रेक्टर ट्रॉली कनखल क्षेत्र में सर्विस लेन पर पहुंची तो कनखल पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जाम लगाने का आरोप लगाते हुए कांवड़ियों को जल्दी से निकलने की बात कही।

इस बात को लेकर कांवड़ियों ने विरोध कर दिया। आरोप है कि कनखल पुलिस ने कांवड़ियों पर लाठीचार्ज करते हुए उन्हें दौड़ा लिया। एक कांवड़िये को चोटें लगने से गुस्साएं कांवड़ियों ने प्रेमनगर आश्रम फ्लाईओवर के नीचे पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। जिस पर पुलिस ने उनकी ट्रेक्टर ट्रॉली कब्जे में ले ली। कांवड़ियों ने मौके पर मौजूद निरीक्षक भावना कैंथोला को खरी-खरी सुनाई और फिर जाम लगाकर हाईवे पर बैठ गए। जानकारी मिलने पर स्थानीय हिंदूवादी नेता भी एकत्र होने लगे। कांवड़ियों के हाईवे जाम करने की सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन फानन में एसपी सिटी एसके सिंह, सीओ सिटी जूही मनराल मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों के समझाने पर भी कांवड़िये टस से मस नहीं हुए। वह उन पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। रातभर हंगामा चलता रहा। अलसुबह एसपी सिटी कांवड़ियों को समझाने में कायमाब रहे। उसके बाद कांवड़ियों का उपचार कराया गया, जिसके बाद कांवड़िये सशर्त हरकी पैड़ी पर फिर से गंगा जल लेने के लिए पहुंचे। पुलिस अभिरक्षा के बीच उन्होंने गंगा जल अपने-अपने कलश में भरा, उसके बाद वे वापसी के लिए रवाना हुए। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि कांवड़ियों को समझा-बुझाकर रवाना कर दिया गया।

## निर्जला एकादशी पर शरबत वितरित किया

हरिद्वार। निर्जला एकादशी पर श्री वैश्य बंधु समाज मध्य क्षेत्र हरिद्वार और संस्था की महिला विंग की ओर से मध्य हरिद्वार में छबील का आयोजन कर राहगीरों को शरबत और चने का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर संरक्षक पराग गुप्ता, संस्थापक अशोक अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, महावीर प्रसाद मित्तल, रविंद्र गुप्ता, डा.अजय अग्रवाल, बीके गुप्ता, अशोक गुप्ता, शिवनन्द शरण गुप्ता, परख गुप्ता, विवेक अग्रवाल, आशीष गुप्ता, मनोज कुमार जैन, आरती अग्रवाल, शशी अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल आदि शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर श्रीकृष्ण कम्युनिकेशन के संयोजन में उद्योगपति एवं समाजसेवी राजीव अग्रवाल, दिव्यांश अग्रवाल, वैशाली अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, निशा अग्रवाल आदि ने रानीपुर मोड पर मीठे शरबत वितरित किया।

## चाकू से हमला कर युवा दुकानदार की हत्या, पिता घायल

हरिद्वार। हरिद्वार-ऋषिकेश राजमार्ग से सटी लालजीवाला बस्ती में सोमवार देर रात ग्राहक को लेकर हुए विवाद में एक युवा दुकानदार की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई, जबकि उसके पिता घायल हो गए। रोड़ीबेलवाला चौकी पुलिस ने आरोपी दुकानदार को हिरासत में ले लिया है। मृतक के पिता ने इस संबंध में आरोपी पड़ोसी दुकानदार के खिलाफ पुत्र की हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। घटना सोमवार देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे के आसपास की है। लालजीवाला बस्ती में रामजीत सिंह और केदार सिंह खेरिया की आसपास किराना की दुकान है। दोनों के बीच अक्सर ग्राहक को लेकर विवाद होता रहता है। सोमवार देर शाम ग्राहक को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। देखते ही देखते विवाद बढ़ता चला गया। देर रात केदार सिंह खैरिया ने चाकू से रामजीत पर हमला बोल दिया। इसी दौरान रामजीत का 20 वर्षीय बेटा दिनेश जब बीच बचाव में आया तो केदार सिंह ने उस पर हमला बोल दिया। छाती पर चाकू लगने से बेटा बुरी तरह खून से लथपथ हो गया। इधर पिता के कंधे और माथे पर चाकू से वार होने पर वह भी लहूलुहान हो गया। आस पास के लोगों के एकत्र होने पर आरोपी केदार सिंह मौके से खिसक गया। सूचना मिलने पर रोड़ीबेलवाला चौकी पुलिस जब तक मौके पर पहुंची, तब तक दिनेश दम तोड़ चुका था। आनन फानन में रामजीत सिंह को जिला अस्पताल से एम्स ऋषिकेश के लिए रैफर किया गया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि रामजीत को इलाज के बाद छुट्टी मिल गई है, उसकी हालत खतरे से बाहर है। जबकि दिनेश का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। आरोपी के खिलाफ रामजीत की तरफ से हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### निर्जला एकादशी के दूसने दिन भी लगाई श्रद्धालुओं ने गंगा में डूबकी

हरिद्वार। निर्जला एकादशी स्नान पर्व के दूसरे दिन भी तीर्थनगरी के गंगा घाटों पर देशभर के कई प्रांतों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी ब्रह्म कुण्ड समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर स्नान किया। गंगा स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने देव दर्शन किए तथा दान आदि कर्म किए। इधर हाईवे पर दो दिन बाद यातायात पूरी तरह सामान्य हुआ। निर्जला एकादशी पर स्नान के लिए घाटों पर तड़के से ही भीड़ जुटने लगी थी। लोगों ने ब्रह्मकुंड हरकी पैड़ी समेत गंगा के विभिन्न घाटों सुभाष घाट, गऊ घाट, कांवड़ा घाट, सर्वानंद घाट, लोकनाथ घाट, वेदभारती घाट, गोविंद घाट, प्रेमनगर घाट समेत अन्य पर स्नान किया। स्नान पर्व पर भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

### शक्ति का साक्षात्स्वरूप थीं हीरा बेन : परमानन्द

हरिद्वार। श्रीलालमाता मंदिर सिद्धपीठ वैष्णो देवी गुफा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता स्व. हीरा बेन मोदी के जन्मदिवस पर फल और शरबत बांटा गया। युग पुरुष स्वामी परमानन्द ने कहा कि स्व. हीराबेन मोदी शक्ति का साक्षात स्वरूप थीं। विषम परिस्थितियों में उन्होंने अपने बच्चों में संस्कार, सेवा और राष्ट्र प्रेम का संचार किया। उनकी कोख से जन्मे नरेन्द्र भाई मोदी ने समूचे विश्व में भारत को महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का कार्य किया है। हीराबेन ने ही अपने बच्चों को कठोर परिश्रम और लक्ष्य प्राप्ति का महत्व सिखाया।

### दुकान से तीस हजार की नगदी चोरी

श्रीनगर गढ़वाल। व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष वासुदेव कंडारी ने बताया कि श्रीकोट में हार्डवेयर की दुकान चलाने वाले आशुतोष पोखरियाल की दुकान में दो लोग आए। उस समय अशुतोष दुकान में मौजूद नहीं थे। चोरों ने दुकान के गल्ले से 30 हजार की नकदी चोरी कर ली। दुकान स्वामी आशुतोष पोखरियाल ने श्रीकोट चौकी में तहरीर दी। बताया कि चोरों ने अपने मुंह को कपड़े से ढक रखा था। कोतवाली श्रीनगर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील रावत ने बताया कि दुकान संचालक ने श्रीकोट चौकी में शिकायत दर्ज करवाई है। मामले की जांच की जा रही है।

### केदारनाथ पैदल मार्ग पर दुकान ढहने से हुए हादसे के दो घायल एम्स ऋषिकेश रेफर

श्रीनगर गढ़वाल। केदारनाथ पैदल मार्ग पर मीठा पानी के पास दुकान ढहने से हुए हादसे में घायल 6 यात्रियों को देर रात बेस अस्पताल लाया गया। दो गंभीर घायल में एक को एयरलिफ्ट और दूसरे को एम्बुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया। एक घायल का इलाज बेस अस्पताल में चल रहा है। बाकी को हल्की चोटें थी, जिन्हें डिस्चार्ज कर घर भेज दिया गया है। बेस अस्पताल में भर्ती फरीदाबाद निवासी 23 साल के उज्जवल अनेजा ने बताया कि फरीदाबाद से केदारनाथ की यात्रा पर छह दोस्तों के साथ आए थे। केदारनाथ की यात्रा कर वापस लौट रहे थे। उनके बाकी के चार दोस्त आगे निकल चुके थे और वे और उनका एक और दोस्त पारस भाटिया मीठा पानी के पास एक दुकान पर चाय पीने के लिए रूके।